# आयो है जन्मदिन | by Sanjay-Deep

आयो है जन्मदिन खाटू के प्यारे बाबा श्याम को
देंगे मिलकर आजा बधाई हम अपने श्री श्याम का

सजा दिया दरबार श्याम का फूलों और गुब्बारों से
बागो में सज धज कर बैठे बाबा म्हारे शान से
बाबा को कहीं नज़र ना लागे काजल टीका वार दो
आयो है जन्मदिन खाटू के प्यारे बाबा श्याम को

ढोल बजे मृदंग बजे और बाज रहे ढप चंग
बाबा के संग नाचेंगे हम होकर मस्त मलंग
केक खिलाएं और मिठाई श्याम धनी सरकार को
आयो है जन्मदिन खाटू के प्यारे बाबा श्याम को

कार्तिक शुक्ल पक्ष में जन्मे मोरवी लाल हमारे है
कलयुग के अवतारी बाबा हारे के वो सहारे हैं
संजय दीप अपने भजनो से रिझा रहे बाबा श्याम को
आयो है जन्मदिन खाटू के प्यारे बाबा श्याम को

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-by-sanjay-deep/